# शिवालिक स्मॉल फाइनेंस  बैंक लिमिटेड

## वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों के लिए बैंकिंग सुविधा

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक बिना किसी भेदभाव के विकलांग ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं और उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैIभारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों को अधिसूचनाओं/परिपत्रों के रूप में शाखाओं/स्टाफ सदस्यों को प्रसारित किया गया है।

1. समर्पित काउंटर/वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को वरीयता

   शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखाओं में "क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ" डेस्क हैं जो वरिष्ठ नागरिकों/दिव्यांग व्यक्तियों की बैंकिंग आवश्यकताओं को उच्च प्राथमिकता देते हैं

2. चेक बुक की सुविधा

   शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ग्राहकों को एक मांग पर्ची के माध्यम से चेक बुक जारी करेगा,जब भी कोई चेक बुक के लिए अनुरोध प्राप्त होगा, जो पहले जारी की गई चेक बुक का हिस्सा है | चेक बुक जारी करने के अनुरोध करने के लिए ग्राहकों को शाखा में जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा, ग्राहक नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एसएमएस बैंकिंग जैसे वैकल्पिक तरीकों के माध्यम से चेक बुक के लिए आवेदन कर सकेंगे

3. फॉर्म 15जी/एच भरने में आसानी

   ग्राहक फॉर्म 15 जी/एच जमा करने के लिए शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक की किसी भी शाखा में जा सकते हैं।

4. दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए अतिरिक्त सुविधा

   शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक बीमार/बूढ़े/अक्षम व्यक्तियों (दृष्टिबाधित ग्राहकों सहित) के लिए एकल होल्डिंग खाता खोलने की सुविधा प्रदान करेगा। ग्राहक को संयुक्त खाता खोलने की आवश्यकता नहीं होगी।